E-mail:- hegpgckhr@ mp.gov.in
Phone No.:- +91-7282-241562
Fax No.:- +91-7282-241963

कार्यालय,प्राचार्य,शासकीय स्नातकोत्तर(अग्रणी)महाविद्यालय खरगोन (म0प्र0)

खरगोन,दिनांक:12/01/2021

::प्रतिवेदन::

युवा उत्सव पर सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन

शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय खरगोन में स्वामी विवेकानंद जी के जन्म दिवस दिनांक १२ जनवरी २०२१ युवा दिवस के उपलक्ष्य में एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम , राष्ट्रीय सेवा योजना तथा क्रीड़ा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य डॉ.आर.एस.देवड़ा द्वारा की गई ।

सूर्य नमस्कार के कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, महाविद्यालय स्टाफ के कर्मचारी एवं महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने कोविड-१९ के लिए निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए भाग लिया ।

सूर्य नमस्कार एवं योग गतिविधियाँ डॉ. गगन कुमार के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुई।

कार्यक्रम का आयोजन डॉ. गगन कुमार, डॉ. सुरेश अवासे , डॉ. गणेश पाटील ,प्रो. चन्द्र भान त्रिवेदी एवं प्रो. धर्मेन्द्र पाटीदार ने किया ।

संलग्न:

१. प्रेस विज्ञप्ति
२. अख़बार की कटिंग
३. कार्यक्रम के फोटोग्राफ्स

Principal
Govt. P.G. College,
KHARGONE (M.P.)
(07282) 241562

E-mail:- hegpgckhr@ mp.gov.in
Phone No.:- +91-7282-241562
Fax No.:- +91-7282-241963

कार्यालय,प्राचार्य,शासकीय स्नातकोत्तर(अग्रणी)महाविद्यालय खरगोन (म0प्र0)

खरगोन,दिनांक:12/01/2021

::प्रेस विज्ञप्ति::

युवा उत्सव पर सामुहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन

शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय खरगोन में स्वामी विवेकानंद जी के जन्म दिवस दिनांक १२ जनवरी २०२१ युरा दिवस के उपलक्ष्य में एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम , राष्ट्रीय सेवा योजना तथा क्रीड़ा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में सामुहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.आर.एस.देवड़ा द्वारा की गई ।

सूर्य नमस्कार के कार्यक्रम महाविद्यालयके प्राध्यापकगण, महाविद्यालय स्टाफ के कर्मचारी एवं महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने कोविड-१९ के लिए निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए भाग लिया ।

सूर्य नमस्कार एवं योग गतिविधियाँ डॉ गगन कुमार चौधरी के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुई।

कार्यक्रम का आयोजन डॉ. सुरेश अवासे , डॉ. गणेश पाटील ,प्रो. चन्द्र भान त्रिवेदी एवं प्रो. धर्मेन्द्र पाटीदार ने किया ।

Principal
Govt. P.G. College,
KHARGONE (M.P.)
(07282) 241562

E-mail:- hegpgckhr@ mp.gov.in
Phone No.:- +91-7282-241562
Fax No.:- +91-7282-241963

कार्यालय,प्राचार्य,शासकीय स्नातकोत्तर(अग्रणी)महाविद्यालय खरगोन (म0प्र0)

अख़बार की कटिंग

महेश्वर.मंडलेश्वर.कसरावद पत्रिका | 11 पत्रिका
खंडवा, बुधवार, 13 जनवरी, 2021

आयोजन... एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम, रासेयो व क्रीड़ा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में हुआ कार्यक्रम

कॉलेज में सूर्य नमस्कार, दो गज दूरी का पालन

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

खरगोन. पीजी कॉलेज में मंगलवार को स्वामी विवेकानंद के जन्म दिन पर सूर्य नमस्कार हुआ। इस कार्यक्रम में दो गज दूरी का पालन किया गया। यह आयोजन एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम, राष्ट्रीय सेवा योजना व क्रीड़ा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. आरएस देवड़ा ने की।

इस दौरान कॉलेज के प्राध्यापक, स्टाफ के कर्मचारी एवं विद्यार्थियों ने सहभागिता की। सूर्य नमस्कार एवं योग गतिविधियां डॉ. गगन कुमार चौधरी के मार्गदर्शन में कराई गई। यह आयोजन डॉ. सुरेश अवासे ,डॉ. गणेश पाटिल, प्रो. चन्द्रभान त्रिवेदी एवं प्रो. धर्मेंद्र पाटीदार ने किया।

इधर, घरों में रेडियो पर सूना कार्यक्रम,

पहली बार ऐसा हुआ जब सूर्य नमस्कार का आयोजन सामुहिक रूप से न होते हुए घरों में किया गया। सुबह रेडियो पर इसका सीधा प्रसारण हुआ। लोगों ने इसे सुना और सूर्य नमस्कार की क्रियाएं परिवार सदस्यों के साथ की।

खरगोन. कॉलेज परिसर में सूर्य नमस्कार करते स्टॉफ सदस्य।

घर पर रहकर किया सूर्य नमस्कार

भग्यापुर. स्वामी विवेकानन्द के जन्मदिवस के उपलक्ष्य पर 12 जनवरी विश्व युवा दिवस के रूप में प्रतिवर्ष मनाया जाता है । शासन के निर्देश अनुसार कोविड 19 महामारी के कारण उक्त आयोजन अपने अपने घरो में रहकर ही ऑनलाइन रेडियो प्रसारण के माध्यम से सूर्य नमस्कार किया । जिसमें 21 शिक्षक, 52 छात्र-छात्राएं, 11 पालक, 3 जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे भग्यापुर पंचायत सरपंच रविंद्र सोलंकी उपसरपंच शांति लाल मालवीय महिमाराम मंडलोई, सुभाष बघेल, अनिल जम्रे, विजय सहदेव, विकास गोले, अन्य उपस्थित थे। शा. हाई स्कूल से संकुल प्राचार्य शेरसिंह बड़ोले, लोकेन्द्र मंडलोई, विजय मालवीय, कमलसिंह मुजाल्दे, यशवंत मालवीय, पन्नालाल कमल, आनंद मालवीय, अरविन्द शर्मा, विलास सुलिया अन्य मौजूद थे।

सूर्य नमस्कार किया गया, महापुरुषों के विचार सुने

मंडलेश्वर.नगर की संस्था सांदीपनी एकेडमी मण्डलेश्वर में एनसीसी एवं विद्यालय के छात्रों द्वारा सोशल डिस्टेसिंग के साथ सूर्य नमस्कार किया और विद्यालय प्राचार्य द्वारा कहा गया कि हमारे देश में कई ऐसे महापुरूष हुए हैं, जिनके अनमोल विचारों से इंसान जीवन में बहुत कुछ सीख सकता हैं। इन महापुरूषों के विचार ऐसे है कि निराशा में भी आशा भरते हैं। इन्हीं महापुरूषों में एक स्वामी विवेकानंद भी एक हैं। 12 जनवरी को जन्में स्वामी विवेकानन्द ने रामकृष्ण मठ की रामकृष्ण मिशन की स्थापना की थी। इन्हीं विचारों के साथ बच्चों को नई ऊर्जा के साथ हमेशा प्रगतिशील रहना चाहिये जैसे उद्बोधन दिया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य कमलेश सीण् जोशी, डायरेक्टर राजेश्वर पाटीदार, व्यवस्थापक गोपाल पाटीदार, उप.प्राचार्य संजय वर्मा एनसीसी अधिकारी संजय सरोज एवं समस्त शिक्षक उपस्थित थे।



युवाओं ने किया सूर्य नमस्कार

चोली/बबलाई. स्वामी विवेकानन्द के जन्मोत्सव को मंगलवार युवा दिवस के रूप में मनाया गया। उप स्वास्थ्य केंद्र पर सीएचओ डॉक्टर सुमित बर्वे ने युवाओं को एकत्रित कर सामान्य रोगों के बारे में जानकारी दी। डॉक्टर बर्वे ने सूर्य नमस्कार करवाया व इसके लाभ बताए। इस दौरान अनिल व्यास, रूपेश सोलंकी, देवेंद्र राठौड़, शिवम् पाटीदार, समर्थ जैन, संदीप सोलंकी, नित्य जैन, चंदन राठौड़, शिवम कर्मा आदि मौजूद थे।

Scanned with CamScanner

Principal
Govt. P.G. College
KHARGONE (M.P.)
(07282) 241562

E-mail:- hegpgckhr@ mp.gov.in
Phone No.:- +91-7282-241562
Fax No.:- +91-7282-241963

कार्यालय,प्राचार्य,शासकीय स्नातकोत्तर(अग्रणी)महाविद्यालय खरगोन (म0प्र0)

कार्यक्रम के फोटोग्राफ्स



Principal
Govt. P.G. College
KHARGONE (M.P.)
☎ (07282) 241562